कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

## // प्रेस विज्ञप्ति //

# कन्या महाविद्यालय में रविन्द्र जयंती सम्पन्न

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विगत दिनों भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर जी के 164वीं जन्म जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने गुरूदेव टैगोर की नोबल पुरस्कार की प्राप्ति से लेकर शांति निकेतन की स्थापना तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने टैगोर के विभिन्न उपन्यास एवं कहानियों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये। श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने टैगोर साहित्य के अन्तर्गत उनके द्वारा अनुवादित पुस्तकों पर प्रकाश डाला।

निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह से भागीदारी निभाई। प्रथम स्थान पर कु. हर्षा श्रीवास (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर), द्वितीय स्थान पर कु. अनामिका मिश्रा (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) एवं तृतीय स्थान पर कु. मोनिका सिंघारे (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) रहीं।

निर्णायक डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने सभी छात्राओं द्वारा रविन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखे गये निबंध की सराहना की। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती वंदना बंजारे के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कु. मधु पाण्डेय एवं श्रीमती मानसी पटेल का विशेष सहयोग रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य